छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

षष्ठम् विधान सभा द्वितीय सत्र अंक-01

<u>रायपुर, सोमवार, दिनांक 05 फरवरी, 2024</u>

(माघ 16, शक संवत् 1945)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.रमन सिंह) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत/राज्यगीत

राष्ट्रगीत "**वन्दे मातरम्**" एवं राज्यगीत "**अरपा पइरी के धार**" का गायन किया गया ।

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई।

माननीय राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

(राष्ट्रगान "जन गण मन" की धुन बजाई गई।)

2. राज्यपाल का अभिभाषण

माननीय राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान "जन गण मन" की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

(सदन की कार्यवाही 11.38 बजे स्थगित की जाकर 11.45 बजे समवेत हुई ।)

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.रमन सिंह) पीठासीन हुए।)

माननीय अध्यक्ष के आदेश के अनुसरण में सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

3. राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री अजय चन्द्राकर, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।

सुश्री लता उसेण्डी, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए बुधवार दिनांक 07 फरवरी, तथा गुरुवार दिनांक 08 फरवरी 2024 की तिथि निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर मंगलवार, दिनांक 06 फरवरी, 2024 को मध्याह्न 12.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

4. मंत्रियों का परिचय

श्री विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री ने मंत्रि-मण्डल के सदस्यों का परिचय कराया :-

1. **श्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री** - लोक-निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य तथा नगरीय प्रशासन विभाग ।
2. **श्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री**- गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ।
3. **श्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री**- स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन तथा संस्कृति विभाग।
4. **श्री रामविचार नेताम, मंत्री**- आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास तथा कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ।
5. **श्री दयालदास बघेल, मंत्री**- खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग।
6. **श्री केदार कश्यप, मंत्री**- वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास तथा सहकारिता विभाग,
7. **श्री लखनलाल देवांगन, मंत्री**- वाणिज्य और उद्योग तथा श्रम विभाग ।

8. **श्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री-** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा तथा बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग ।

9. **श्री ओ.पी. चौधरी, मंत्री-** वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण तथा योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ।

10. **श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री-** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग ।

11. **श्री टंकराम वर्मा, मंत्री-** खेलकूद एवं युवा कल्याण तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ।

5. वित्तीय वर्ष 2023-2024 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री ओ.पी. चौधरी, वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन किया ।

माननीय अध्यक्ष ने अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा और मतदान के लिये मंगलवार, दिनांक 06 फरवरी, 2024 की तिथि निर्धारित की ।

पूर्वाह्न 11.54 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 06 फरवरी, 2024 (माघ 17, शक संवत् 1945) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

दिनेश शर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा